WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 47 मेरठ, सोमवार 30 अगस्त, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का......




# मेरठ में 24 घण्टे में दो और हत्याओं से दहशत का माहौल

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में किशोरों के शव किठौर के जंगल में बाग में मिले। लूट के बाद ही बदमाशों ने वारदात की है। वही, लावड़ के जंगल में ट्यूबवेल के नीचे युवक का शव खून से लथपथ मिला। लिसाड़ी गेट में एक महिला की हत्या हो गई।ह्न किठौर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर निवासी सादिक ः14ऋ पुत्र जाने आलम व अमन ः13ऋ पुत्र महराज शनिवार शाम 5रू30 बजे घर से निकले थे। सादिक ई-रिक्शा चलाता था। बताया कि दोनों ई-रिक्शा से दो लोगों को फतेहपुर नारायण गांव छोड़ने के लिए गए थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने परिजनों ने तलाश की और फिर अपहरण का मुकदमा किठौर थाने में दर्ज करा दिया।ह्न रविवार सुबह दोनों किशोरों के शव किठौर क्षेत्र के फतेहपुर नारायण गांव के जंगल में बाग में 20 मीटर की दूरी पर मिले। दोनों किशोरों के गले पर धारदार हथियार से हमला व गला भी घोटा गया। ई-रिक्शा और उनके मोबाइल गायब मिले। जानकारी लगने पर किठौर थाना लिस मौके पर पहुंची। एसएसपी व एसपी देहात भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने लूट के बाद हत्या होने का आरोप लगाया। पुलिस लूट के अलावा दूसरे बिंदु पर भी जांच कर रही है। देर रात पोस्टमार्टम के बाद पुलिस फोर्स की मौजूदगी में सादिक का शव सुपुर्द-ए-खाक व अमन का अंतिम संस्कार किया गया।ह्न पुलिस मामले की जांच कर रही थी कि तभी सूचना मिली इंचोली क्षेत्र के लावड़-अंदावली मार्ग पर खेत में ट्यूबवेल के पास रोहित सैनी निवासी लावड़ का शव खून से लथपथ मिला है। जिसमें हत्या होने का अंदेशा जताया गया। वही, लिसाड़ी गेट के इस्लामाबाद में पति शाकिब ने पत्नी सना को पीट पीट कर मार डाला।ह्न किशोरों की हत्या में पुलिस गहनता से जांच करने में लगी है। दोनों के साथ घने जंगल में बाग में मिले हैं। पुलिस की प्राथमिक जांच लूट के अलावा भी हत्या के दूसरे कारण हो सकते हैं। अंदावली गांव के जंगल में रोहित सैनी की मौत के मामले में भी जांच चल रही है। पार्षद के हत्यारे भी जल्द गिरफ्तार हो जाएंगे।



## यूपी में आज नहीं रहेगा नाइट कर्फ्यू: जन्माष्टमी मनाने के लिए योगी सरकार ने हटाई पाबंदियां

**लखनऊ।** सीएम योगी ने प्रदेश में नाइट कर्फ्यू को और सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए थे, लेकिन त्योहार के चलते वे अपने ही आदेश से पलट गए और लोगों को रात में भीड़ लगाने की अनुमति दे दी।ह्न नाइट कर्फ्यू को प्रदेश में और ज्यादा सख्त करने का आदेश देने के 2 दिन बाद ही उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए एक दिन को प्रदेश से नाइट कर्फ्यू हटा लिया है। मुख्यमंत्री के आदेश के मुताबिकह्न जन्माष्टमी पर्व यानी सोमवार रात को 10 बजे से मंगलवार सुबह 6 बजे से प्रदेश में नाइट कर्फ्यू नहीं रहेगा। मंगलवार रात 10 बजे से प्रदेश में दोबारा नाइट कर्फ्यू जारी हो जाएगा। बता दें कि बीते 2 सप्ताह पहले ही योगी सरकार ने प्रदेश से वीकेंड लश्वकडाउन हटाया था। हालांकि देश के अन्य राज्यों में कोरोना केह्न मामलों में तेजी देखते हुए सीएम योगी ने प्रदेश में नाइट कर्फ्यू को और सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए थे, लेकिन त्योहार के चलते वे अपने ही आदेश से पलट गए और लोगों को भीड़ लगाने की अनुमति दे दी। उधर शनिवार को केंद्र सरकार ने भी राज्यों को दोबारा सख्ती बरतने और स्थानीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करने को कहा था, केंद्र सरकार का कहना था कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच लापरवाही बिल्कुल न बरतें और सख्ती के साथ कोविड प्रोटोकश्वल का पालन कराएं, लेकिन योगी सरकार ने त्योहार के लिए सभी सावधानियों को ताक पर रख लोगों को लापरवाही बरतने की अनुमति दे दी, जो प्रदेशवासियों को भारी पड़ सकती है।

# धमकी मिलने के बाद से सहकारी बैंक के चेयरमैन के परिवार में खौफ

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और मेरठ-बागपत के सहकारी बैंक चेयरमैन मनिन्दरपाल सिंह को परिवार सहित हत्या करने की धमकी मिली है। उनके मोबाइल नंबर अंजान नंबर से आई काल पर बदमाश ने अपने को तिहाड जेल से छूटने की बात की और कहा कि वह रिंकू दौराला का दोस्त है। चेयरमैन और उनके परिजन की हत्या करने को दो करोड़ रुपये भी वसूलने की बात बदमाश ने कही है। चेयरमैन ने प्रकरण एसएसपी और पल्लवपुरम इंस्पेक्टर को बताया है, जिसके बाद चेयरमैन और उनका परिवार भयभीत है। चेयरमैन परिवार सहित घर के भीतर बंद हो गए हैं। वहीं एहतियात के तौर पर उनके घर के बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है।

**ये है घटनाः-**

मेरठ में पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की रुड़की रोड स्थित एकता अपार्टमेंट निवासी सहकारी बैंक के चेयरमैन मनिन्दरपाल सिंह ने बताया कि वह शनिवार रात में घर पर खाना खाने के बाद नीचे दफ्तर में बैठे कार्य कर रहे थे। इसी दौरान रात 9रू06 बजे अंजान मोबाइल नंबर से काल आई, जिसे वह रिसीव नहीं कर सके। तुरंत दूसरी काल आई, जिस पर कालर ने चेयरमैन से कहा कि वह तिहाड़ जेल से छूटकर आया है और रिंकू दौरालियां का दोस्त है। मैने तुम्हारी और तुम्हारे परिवार की हत्या करने के बदले किसी से दो करोड़ रुपये फिरौती ली है। चेयरमैन ने काल काट दी। उसके बाद रात 9रू29 बजे भी उसी नंबर से दो काल आई। जिसमें दूसरी काल पर बदमाश ने चेयरमैन से कहा कि अब तुम्हारी और तुम्हारे परिजनों की रविवार को हत्या करने के दो करोड़ रुपये ले लिए हैं। हत्या करना अब मेरी मजबूरी होगी। बदमाश ने यह भी कहा कि इस बात को अपने परिजनों को भी बता देना। धमकी भरी काल के बाद से चेयरमैन और उनका परिवार भयभीत है। एसएसपी ने अंजान मोबाइल नंबर की जांच कराकर कालर को जल्द से जल्द पकड़ने की बात कही है। इंस्पेक्टर देवेश शर्मा ने बताया कि जिस नंबर से धमकी मिली है, उसकी जांच कराई जा रही है।















# हमारी संस्कृति में नारी का सदा ही सम्मान रहा है.अशोक कटारिया

## ○ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री मोनिका चौधरी ने कराया 75 महिलाओं को सम्मानित













**मेरठ(अंकित गुप्ता)।** जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता रमण करते हैं रहते हैं। हमारी संस् ति में नारी का सदा ही सम्मान रहा है। जो भारत की संस् ति है वहीं भाजपा की संस् ति है। भाजपा और भारत दोनों की एक ही राशि है। भारत में नारी ने पूर्व काल से ही नेतृत्व किया है। ऐसे झांसी की रानी, पन्नाधाय और अन्य बहुत सी नारी है। जो उदाहरण के रूप में है। इनके अलावा आज भी नारी हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम कर रही है। यह बात सड़क परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने अपने संबोधन में कहीं। खिर्वा रोड स्थित शगुन मंडप में भाजपा की आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 वर्षो के उपलक्ष में 75 महिलाओं को सम्मानित किया गया। ऐसी महिला जो वैज्ञानिक, समाजसेवी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना वर्चस्व कायम कर चुकी है। उनको पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री मोनिका चौधरी द्वारा आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि सड़क परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, कैंट विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल और संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष नीरज मित्तल रहे। संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष नीरज मित्तल ने अशोक कटारिया को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद कार्यक्रम ने अन्य अतिथियों को मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव जिंदल और अभिनव मित्तल ने किया। इस कार्यक्रम की संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में सभी का स्वागत है और इस अवसर पर क्षेत्र महिलाओं को सम्मानित कर वह गर्व महसूस कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा शासन में महिलाओं के प्रति अत्याचार कम हुए हैं। बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इनके अलावा बुलंदशहर की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया ने अपने संबोधन में कहा कि अतीत के भारत में महिला केवल रसोई तक सीमित नहीं थी। प्राचीन भारत में महिलाओं का सदा आदर था। महिलाओं से पुरुष अपनी पहचान बनाते थे। भगवान राम ने भी सियाराम का संबोधन कराया है। जिसमें महिला को उचित स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा बीच के काल में मुगल और एक कांग्रेस नाम की संस्था आ गई थी। जिसमें महिलाओं का गौरव खो गया था। लेकिन भाजपा के शासन आने पर वह गौरव फिर से प्राप्त हो गया है। इस कार्यक्रम में टोक्यो ओलंपिक में प्रतिनिधित्व करने वाली प्रियंका गोस्वामी, अनीता राणा, मनीषा नायर, षि वैज्ञानिक तुलसी भारद्वाज, एलएलआरएम में डॉक्टर मेघा कुलशेष्ठा, प्रसिद्ध समाजसेवी अनीता राणा मलिक, योग के क्षेत्र में 16 हजार लोगों को योग से जोड़ने वाली प्रीति बंसल, दैनिक भास्कर की ब्यूरो - इन - चीफ व प्रसिद्ध पत्रकार शालू अग्रवाल, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से जल संरक्षण के कार्य पर सम्मानित अदिति चंद्रा, इंजीनियर्स, रश्मि बैंक ऑफिसर्स, प्राची लेब टेक्नीशियन, डॉ मेघा फ्रंट लाइन वर्कर्स जैसे आशु रानी, सुनिधि नर्स, गीता रानी, बबिता, रेखा आंगनवाड़ी वर्कर्स, रीना,अनिता आशा वर्कर्स, कमला देवी किसान आदि प्रत्येक क्षेत्र से महिलाओं को इस कार्यक्रम में सम्मान मिला। कार्यक्रम में 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत समिति के सदस्य मनमोहन विग, नितिन वर्मा, नवाब सिंह अहलावत, सुभांशु गौतम, रमा मित्तल, नीलम गिरि, मयूर मित्तल, दीपक शर्मा, राजेश खन्ना, अंकित गुप्ता, दिशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल ने महापुरुषों की प्रतिमाओं के सौंदर्य करण का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** अंजू अग्रवाल जी माननीय पालिका अध्यक्ष महोदय के द्वारा पालिका परिसर में निर्मित नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा के किए जा रहे भव्य सौंदर्य करण कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिशासी अधिकारी महोदय तथा संबंधित ठेकेदार को दिशा निर्देश दिए गए कि महापुरुषों की प्रतिमाओं का निर्देशित किए गए ड्राइंग और डिजाइन के आधार पर भव्य एवं गुणवत्ता परक सौंदर्य करण होना चाहिए स कार्य में कोई समझौता नहीं किया जाएगा इसके अलावा पालिका परिसर स्थित दोनों पार्क का आकर्षक सौंदर्य करण कराए जाने हेतु डीपीआर बनाकर प्रस्तुत करने के भी माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए जिससे पालिका भी क्लीन एंड ग्रीन तथा यूनिक प्रदर्शित हो सइसके पश्चात श्रीमती अंजू अग्रवाल जी के द्वारा रानी झांसी के कराए जा रहे हैं सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया गया स उपस्थित ठेकेदार को निर्देशित किया गया की यह वीरांगना रानी झांसी का हश्वट अश्वफ द टाउन पार्क है सुंदर ग्रीन क्लीन छतरी एवं फव्वारा युक्त तेजी से बनाया जाना है स वहां पर मौजूद स्थानीय व्यापारियों एवं डश्व एसके सलूजा द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें पटका भेंट किया गया स माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया स निरीक्षण में माननीय पालिका अध्यक्ष महोदय के साथ अधिशासी अधिकारी महोदय सभासद परवीन पीटर एवं संबंधित ठेकेदार तथा गोपाल त्यागी स्टेनो अध्यक्ष, एसके बिट्टू वह स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे स

## श्रम विभाग एवं खेल विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में मनायी गयी मेजर ध्यानचंद की 117 वी जयंती

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** कैलाश प्रकाश स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद जी की 117 वी जयंती श्रम कल्याण परिषद एवं खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वधान में मनाई गई जिसमें श्रम कल्याण परिषद की ओर से अध्यक्ष राज्य मंत्री सुनील भराला मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुएद्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुनील भराला एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्पार्जित किया गयाद्य इस अवसर पर श्रम कल्याण परिषद ने प्रदेश के 21 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित करने का कार्य किया तथा 25 श्रमिकों व उनके परिजनों को स्वी ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एमपी सिंह पूर्व कप्तान भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक खिलाड़ी साथ ही श्रम कल्याण परिषद के गणमान्य सदस्य गण, कन्हैया लाल भारती, अजीत कुमार जैन,राज कुमार कौशिक एवं नमन भारद्वाज,अतिथि के रूप में उपस्थित हुएद्य कार्यक्रम संयोजन में सदस्य, चेतन चौहान खेल योजना श्रम कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश,




नमन भारद्वाज एवं घनश्याम सिंह सहायक श्रमायुक्त मेरठ ने बताया कि आज श्रम कल्याण परिषद खेल विभाग के साथ मिलकर राष्ट्रीय खेल दिवस मना रहा है प्रतियोगिता में लगभग 6 टीमों ने प्रतिभाग किया विजेता उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुनील भराला ने संबोधन करते हुए कहा कि श्रम कल्याण परिषद केवल श्रमिकों के लिए ही नहीं श्रमिकों के खिलाड़ियों के लिए भी अनेक प्रयास कर रहा है उसी संबंध में श्रम कल्याण परिषद की लोकप्रिय योजना चेतन चौहान श्रमिक क्रीडा प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर ,राज्य स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को लाभ देने का काम श्रम कल्याण परिषद करेगा। कार्यक्रम में जिन 21 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया उसमें किरण बलियन एथलेटिक्स, उचित शर्मा वूशू , कपिल कुमार वूशू ,भावना शर्मा जूडो ,लोकेश चौधरी रोइंग,तुशाल चौधरी बास्केटबॉल, रिया बलियन बास्केटबॉल , कुलबीर कबड्डी, आयुशी बैड्मिंटन ,साक्षी जोहार वूशू , शीतल शर्मा कुश्ती , मनु तोमर कुश्ती ,सरदुल विहान शूटिंग ,मनीषा गरगत तीरंदाजी, वर्षा चौधरी बॉक्सिंग , अमरत गोश्वमी शूटिंग , ख्याति मयूर एथेलेटिक्स, अर्जुन सिंह तोमर बॉक्सिंग , शिवानी शर्मा हॉकी आदि हैं।

## प्रतापपुरी भूसा मंडी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** प्रतापपुरी भूसा मंडी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का संकल्प लिया गया मुख्य अतिथि संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, अध्यक्ष सुनील दुआ, महामंत्री अमित बंसल, मुख्य संयोजक बृजमोहन अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मोहम्मद इब्राहिम खान राजू गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।


## विभोर चौधरी बने भाजपा महानगर मंत्री



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भाजपा मेरठ महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल ने कंकर खेड़ा निवासी विभोर चौधरी को महानगर में मंत्री पद पर नियुक्त किया है। महानगर मंत्री अंकुर कुशवाहा के भाजपा युवा मोर्चा का महानगर अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद भाजपा महानगर में खाली हुआ था मंत्री पद।

## शोभित विश्विधालय में बी एम् डब्लू स्किल नेक्स्ट पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के मैकेनिकल विभाग में 28ध्08ध्2021 को बीएमडब्ल्यू स्किल नेक्स्ट के ऊपर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया इस एक दिवसीय वर्कशॉप में देश के अलग–अलग संस्थानों से लगभग 160 छात्रों ने पंजीकरण कराया !कार्यक्रम का संचालन मैकेनिकल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर जितेंद्र जादौन ने किया कार्यक्रम के शुभारंभ में इंजीनियरिंग विभाग के डीन प्रोफेसर राजीव दत्ता ने छात्रों को बीएमडब्ल्यू कंपनी के इतिहास से रूबरू कराया तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ए पी गर्ग ने छात्रों को यांत्रिकी अभियांत्रिकी के क्षेत्र में नई नई तकनीको के बारे में बताया ! साथ ही साथ कुलपति महोदय ने अपने जर्मनी देश के अनुभव को भी छात्रों के साथ साझा किया इसके पश्चात शोभित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री एम.एन. बहुगुणा ने सभी को वर्कशॉप आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया साथ ही साथ उन्होंने छात्रों को उनके बेहतर भविष्य के लिए आशीर्वाद भी दिया



तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए यांत्रिक विभाग के विभागाध्याक्ष डॉक्टर राजकिशोर सिंह जी ने छात्रों को बीएमडब्ल्यू कंपनी द्वारा आयोजित बीएमडब्ल्यू स्किल नेक्स्ट प्रोग्राम के बारे में बताया उन्होंने छात्रों को बताया की क्यों बीएमडब्ल्यू ने यह प्रोग्राम शुरू किया साथ ही साथ उन्होंने छात्रों को बताया की अगर छात्रों में स्किल्स हो तो छात्र अपना कैरियर बीएमडब्ल्यू जैसी बड़ी कंपनी में भी बना सकते हैं डॉक्टर राजकिशोर सिंह जी ने छात्रों द्वारा किए गए सवालों का बड़ी खूबी के साथ जवाब दिया तत्पश्चात मैकेनिकल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर जयंत महतो ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्रों को इंजन के अलग–अलग पार्ट्स को समझाते हुए नॉर्मल इंजन और बीएमडब्ल्यू इंजन की तकनीकी के बारे में समझाया, डॉक्टर जयंत ने छात्रों को समझाया की किस तरह से बीएमडब्ल्यू कार से वातावरण में पोलूशन नहीं होता है साथ ही साथ छात्रों को बताया की अगर हम लोग इंजन की तकनीकीयों को बारीकी से समझ लेते हैं तो हम लोग एक ऐसा इंजन भी बना सकते है जो कि पोलूशन फ्री होगा, डॉक्टर जयंत महतो के सेशन के बाद सवाल जवाब का दौर शुरू हुआ जिसके दौरान मैकेनिकल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर जितेंद्र जादौन ने छात्रों को बीएमडब्ल्यू इंजन से जुड़े हुए सवालों का बखूबी जवाब दिया कार्यक्रम के अंत में मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर राज किशोर सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में सम्मिलित छात्रों सहित सभी गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद दिया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट दिए गए कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा अध्यापकों का सहयोग रहा

## डॉ. के.के.बी.एम. सुभारती अस्पताल, झाझरा द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**देहरादून।** डॉ. के.के.बी.एम. सुभारती अस्पताल, झाझरा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दिनांक 29 अगस्त 2021 को सुभारती ब्लड बैंक के नवनिर्मित भवन का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि श्री पुष्पक ज्योति, आईजी गढ़वाल का सुभारती अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा पुष्प गुच देकर स्वागत किया गया। डॉ. अतुल ष्ण, परियोजना निदेशक ने कार्यक्रम की शुरुआत की तथा मेजर ध्यानचन्द की जंयती पर उन्हें याद करते हुए बताया कि किसी प्रकार उन्होंने विश्व में हॉकी के क्षेत्र में ख्याति दिलवाई। उन्होंने ने कहा कि इस अवसर पर उत्तराखण्ड की बेटी वन्दना कटारिया ने इस वर्ष हॉकी की टीम में सहभागिता करते हुए ओलम्पिक में सेमीफाइनल तक विजय प्राप्त की यह उत्तराखण्ड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि मेजर ध्यानचन्द को सच्ची तरह से याद करना तभी सार्थक होगा जब अगले ओलम्पिक में हमारी भारत की पुरूष एवं महिलाओं की टीम स्वर्ण पदक जीत कर लाएगी। उन्होंने बताया कि सुभारती अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र हित व छात्र हित में कार्य करता आ रहा है। इसी के चलते




सुभारती अस्पताल द्वारा कोरोना महामारी में जनता की सेवा की गई। यह ध्यान रखते हुए कि कभी भी किसी रोगी को रक्त की कमी न हो रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने अपना परिवार के अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम भट्ट एवं अन्य सभी सदस्यों तथा वी0आई0पी0 चौनल के ब्यूरो चीफ श्री संजय श्रीवास्तव की प्रशंसा की जिन्होंने रक्तदान शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। श्री पुरुषोत्तम भट्ट, अध्यक्ष, अपना परिवार सामाजिक संगठन ने अपने संबोधन में कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। पुरुषोत्तम भट्ट ने कहा कि जिस प्रकार सुभारती अस्पताल द्वारा कोरोना काल में जनता की सेवा की गई वह उदाहरण बन गया है एवं पूरे समाज में उनके कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा हो रही है। उन्होंने लोगों से बढ़ चढ़कर रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ब्लड की जरूरत पड़ने पर इंसान ही इंसान के काम आता है। इसलिए लोग रक्तदान कर दूसरों की जान बचाएं। इससे बड़ा पुण्य का और समाजसेवा का और कोई काम नहीं हो सकता। मुख्य अतिथि श्री पुष्पक ज्योति, आईजी गढ़वाल ने अपने सम्बोधन में यह व्यक्त किया कि सुभारती ने देशभक्ति परिपूर्ण समाज सुधार के कार्या के क्षेत्र में पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि उन्हें ज्ञात है कि सुभारती द्वारा मेरठ में एक विशाल अस्पताल की स्थापना की है जिसके माध्यम से अल्प आय वर्ग की भरपूर सेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उत्तर प्रदेश की तरह उत्तराखण्ड में भी चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक आगे बढेगी। उन्होंने इच्छा प्रकट की सुभारती देहरादून में एक उच्च स्तरीय नशा मुक्ति केन्द्र की स्थापना भी करें। डा. राजेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षित व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें। श्री संजय श्रीवास्तव, सदस्य, अपना परिवार ने अपने संबोधन में सभी स्वस्थ लोगों से बढ़ चढ़कर रक्तदान करने की अपील की है। उनका कहना है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती है। न ही किसी प्रकार का संक्रमण होता है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार श्री पुरूषोत्तम के निर्देशन में अपना परिवार समाज की निस्वार्थ सेवा कर रहा है। सुभारती रक्त केन्द्र की प्रभारी डा. नेहा नौटियाल ने बताया कि 18 से 65 साल तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर महादानी बन सकता है। उन्होंने बताया कि सुभारती रक्त केन्द्र में सम्पूर्ण रक्त एवं रक्त अव्य उपलब्ध है एवं यह सुविधा सभी अस्पतालों में भर्ती रोगियों के लिए 24 घन्टें उपलब्ध है। स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सुभारती अस्पताल द्वारा सम्मानित किया जाता है एवं उन्हें अस्पताल की सुविधाओं एक वर्ष तक छूट भी दी जाती है। कार्यक्रम के अन्त में रक्तदाताओं को एवं अपना परिवार के सदस्यों को सद्भावना कार्ड भेंट किए गए जिनके माध्यम से उन्हें वर्ष भर अस्पताल की सुविधाओं में प्राथमिकता के साथ छूट मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपा हंसपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एम.टी.वी. ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री अवनि, डा. लोकेश त्यागी, डा. विवेक भरोसे, डा. प्रशांत भटनागर, डा. मनोज सिन्हा, डा. रविंद्र प्रताप, डा. राधे मोहन, रितेश श्रीवास्तव, रोहित माथुर, रवि मित्तल, विनय सेमवाल, विपिन, पुलकित, राजेश, उदय नेगी, राजदीप, धीरज, संदीप, प्रवेश तथा सुभारती अस्पताल एवं विश्वविद्यालय के चिकित्सक, शिक्षक और गैर शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहे। अपना परिवार सामाजिक संगठन के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया एवं 27 लोगों ने रक्तदान किया।

# नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल और एडीएम प्रशासन अमित कुमार के संयुक्त प्रयास से सफाई कर्मचारी संघ ने हड़ताल ली वापस



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल और अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार के प्रयास से नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारियों द्वारा लगभग 2 घंटे वार्ता उपरांत सफाई कर्मचारी संघ के द्वारा अपनी कूड़ा वाहन हड़ताल को वापस ले लिया गया तथा यह वादा किया गया की वह अभी से सफाई कार्य करते हुए कल जन्माष्टमी का त्योहार पर नगर में उत ष्ट सफाई करेंगे स वार्ता में मुख्य रूप से सफाई कर्मचारियों का 10 व 16 तथा 26 वर्ष की संतोषजनक सेवाओं पर एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि के साथ उनके एरियर का भुगतान का निर्णय लिया गया इसके अलावा नगर की बढ़ती आबादी तथा सफाई व्यवस्था में सुध ार लाने हेतु 68 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों का ठेका बोर्ड स्वी ति की प्रत्याशा में ठेका छोड़ा जाएगा ससाथ ही 32 आउटसोर्सिंग कर्मियों को बढ़ाए जाने हेतु प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा सफाई उपकरणों की सफाई नायको से डिमांड लेकर खरीदारी की जाएगी स नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने संघ को उनकी 200 रेहडे दिलवाए जाने के संबंध में कहा कि 50 रेडो की आपूर्ति हेतु निविदा प्रक्रिया बोर्ड फंड से हो रही है तथा डेढ़ सौ रेहडे स्वी ति की प्रक्रिया में है स अमित कुमार सिंह अपर जिलाधि ाकारी प्रशासन द्वारा संघ पदाधिकारियों से कहा गया कि वह आकस्मिक रूप से वाडो मे सफाई नायक तथा सफाई कर्मियों की उपस्थिति का औचक निरीक्षण करेंगे तथा सफाई नायक 01 सितंबर से उपस्थित सफाई कर्मियों की उपस्थिति को प्रमाणित करेंगे' पर्यवेक्षण में ऐसा ना पाए जाने पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी स साथ ही सफाई कर्मी नियमित रूप से समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होकर कार्य करेंगे स इसके अलावा वार्ड मैं सफाई नायक के साथ-साथ पालिका के लिपिकगण सफाई कर्मियों की उपस्थिति एवं कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे स अपर जिलाधि ाकारी प्रशासन के द्वारा यह भी कहा गया की कार्यरत आउटसोर्सिंग एवं संविदा कर्मचारियों के द्वारा कार्य पर अनुपस्थित रहने पर उन्हें सेवा से पृथक किया जाएगा समस्त बिंदुओं पर संघ एवं पालिका प्रशासन द्वारा सहमति होने पर संघ द्वारा कूड़ा वाहन हड़ताल को समाप्त करने की घोषणा की गई तथा पालिका अध्यक्षा जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए अंजू अग्रवाल माननीय पालिका अध्यक्षा के अलावा मुख्य रूप से अमित कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन, हेमराज सिंह अधि ाशासी अधिकारी , डॉ अतुल कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चमन लाल, महामंत्री अरविंद उर्फ सोनू मचल, सूरज प्रकाश, जितेंद्र कुमार, सुधीर कुमार सफाई नायकगण, गगन महिंद्रा, विवेक कुमार , मोहन कुमार, नितिन कुमार लिपिकगण एवं स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी व एसके बिट्टू मौजूद रहे।

# नगर कोतवाली पुलिस की चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ मे वांछित अपराधी हुआ गिरफ्तार



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की नगर कोतवाली क्षेत्र के पिन्ना बाईपास पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिसमे दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक बदमाश अफजाल निवासी सहारनपुर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका दूसरा साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया,पुलिस ने गिरफ्त में आये घायल बदमाश के कब्जे से जहाँ एक मोटरसाइकिल व एक तमंचा और कारतूस भी बरामद किए,तो वहीं पुलिस ने घायल बदमाश के फरार साथी की तलाश में जंगल में घंटों कश्वम्बिंग आपरेशन भी चलाया,लेकिन कोई कामयाबी पुलिस के हाथ नहीं लगी, घायल बदमाश अफजाल पर लूट हत्या डकैती के लगभग दर्जनों मुकदमे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में दर्ज है,कुछ समय पूर्व रुड़की में इस शातिर बदमाश अफजाल ने दिनदहाड़े एक पुलिसकर्मी की हत्या की वारदात को भी अंजाम दिया था। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का आज कंकर खेड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बने विनय विरालिया,युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष बने अंकुर कुशवाहा,महिला मोर्चा की महानगर उपाध्यक्ष सरला शर्मा,किसान मोर्चा के महानगर मंत्री रंजीत चौहान,कैलाश शर्मा का गुल्लू ठाकुर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र गोयल,हर्ष चोधरी,ज्योति वाल्मीकि,किशन कुमार,जगत सिंह,शेलेन्द्र, रणजीत सिंह सलूजा आदि लोग मौजूद रहे।

# मेजर ध्यान चंद जयंती खेल दिवस पर डीएवी डिग्री कॉलेज क्रीडा स्थल पर हॉकी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** प्रतियोगिता में मैं बिजनौर ,मेरठ, डीएवी डिग्री कॉलेज, डी ए वी इंटर कॉलेज, लाला जगदीश प्रसाद भागवती कॉलेज ने भाग लिया। हॉकी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि शलभ गुप्ता एडवोकेट महानगर महामंत्री समाजवादी पार्टी रहे अपने संबोधन में मुख्य अतिथि शलभ गुप्ता एडवोकेट ने खिलाड़ियों से खेल भावना को खेलने के लिए प्रेरित किया व मेजर ध यानचंद जी की तरह परिश्रम करने पर जोर दिया मेजर ध्यानचंद जी के आदर्शों को खेल में अपने अंदर लाने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया। प्रथम मैच बिजनौर एवं डी ए वी इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया बिजनौर ने 5-4 से जीता दूसरा मैच डी ए वी कॉलेज एवं भगवंती इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया डीएवी कॉलेज ने 3-0 से जीता प्रतियोगिता के एंपायर रोशन लाल, चंद्रमणि सुशील, विकास शर्मा, अजय जैमिनी रहे। फाइनल मैच डी ए वी कॉलेज बिजनौर की टीम के बीच खेला गया संघर्षपूर्ण मैच में डी ए वी कॉलेज 5-4 गोल से जीता प्रतियोगिता में महक सिंह अमित शील ,तरुण सुधा एड , विजय बाटा, ईश्वर दयाल पालीवाल, यशपाल सिंह, रोशन लाल, राजेंद्र पहलवान ,नितेश पाल, लोकेंद्र, विनय चंद्र प्रकाश, अरुण आदि का सहयोग रहा समारोह का संचालन विजय कुमार प्रवक्ता ने किया।

# भारतीय बंजारा सेवा संघ उत्तरप्रदेश की बैठक का आयोजन



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** आज भारतीय बंजारा सेवा संघ उत्तरप्रदेश की एक सभा का आयोजन प्राचीन समय से पड़ी बाबा लक्खीशाह बंजारा की पावन धरती गांव नरा जड़ौदा मुजफ्फरनगर मैं बंजारा सेवा समिति मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष आदरणीय रेतुलाल बंजारा जी की अध्यक्षता मे व सचिन बंजारा व रश्वबिन बंजारा जी के संचालक मे सम्पन्न हुई। जिसमे बंजारा समाज के हर वर्ग नेता,अभिनेता समानित साथी व युवाओ का जोरदार जोश समाजहित मे देखने को मिला।भारतीय बंजारा सेवा संघ के मुख्य वक्ता लवप्रीत बंजारा जी ने बाबा लक्खीशाह बंजारा के पूरे जीवन को विस्तार से सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। और समाज के प्रति युवाओ को जागरूक करने का भरसक प्रयास किया । वही भारतीय बंजारा सेवा संघ के अध्यक्ष विनोद बंजारा जी ने भी समाज के युवाओ को संबोधित करते हुए कहा है कि समाज के हर वर्ग को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे समाज हर क्षेत्र मे अपनी उपस्थिति दिखाएगा और समाज के युवाओ को नशे व बुराइयों से दूर रहने को कहा। बंजारा समाज के नेताओ मै अमित बंजारा व सुजीत बंजारा ने भी सभी को एकझुट रहकर समाज की सेवा करने के लिए आग्रह किया। जानकारी के अनुसार पता चला है कि लक्खीशाह बंजारा बाबा जी की काफी जगह वहाँ बंजर पड़ी है उसके लिए भी सम्पूर्ण समाज एकझुट होकर वहाँ आने वाले समय पर सम्मेलन व मेले का आयोजन कराने के समाज त्तपर रहेगा आज की बैठक मे मुजफ्फरनगर के समस्त बंजारा समाज के जागरूक युवा व संम्मानित साथी उपस्थित रहे। एक महत्वपूर्ण जानकारी का भी पता चला है कि नरा जड़ौदा मैं लक्खीशाह बंजारा जी की मूर्ति पर जो सच्चे मन से मुराद लेकर जाता है उसकी मुराद हमेसा पुरी होती है ऐसा वहा देखने को भी मिला है लक्खीशाह बंजारा जी के नाम से व उनके कुत्ते की समाधि के नाम से बहुत प्रसिद्ध है आज की सभा मे आरव बंजारा रिपोटर, ऋषिपाल बंजारा ,लोकेश बंजारा, लालसिंह बंजारा,शिव कुमार बंजारा, पंकज बंजारा,नीटू बंजारा,मोनू बंजारा,अमित बंजारा,ईश्वर सिंह बंजारा,राकेश बंजारा, मुकेश बंजारा, श्रवणसिंह बंजारा, सुनील बंजारा, काका बंजारा, कपिल बंजारा, अक्षय बंजारा,आदि बंजारा,रवि बंजारा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।




मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक- अंकित गुप्ता** RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।